**जन सम्पर्क कार्यालय,**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।**
दिनांक : 17.12.2013

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**(सं. 2013/465)**

## <u>अलवर–खैरथल–अलवर स्पेशल एक्सप्रेस की संचालन अवधि में विस्तार</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात के दबाव को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु अलवर–खैरथल–अलवर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 04805/04806, अलवर–खैरथल–अलवर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा की संचालन अवधि में दिनांक 01.01.14 से 31.03.14 तक (90 ट्रिप) विस्तार किया गया है।

**नोटः– जयपुर–अलवर–जयपुर एक्सप्रेस को ही अलवर–खैरथल–अलवर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा के रूप में खैरथल तक बढाया गया है। इससे यात्रियों को जयपुर–खैरथल–जयपुर के लिये सीधी रेल सेवा प्राप्त है।**

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**